राज्यपाल से मिले आईआईएम के फेलोशिप छात्र

ग्रामीण उत्पाद को ऑनलाइन ऐप से जोड़ने में सहयोग करें : राज्यपाल

रांची | आईआईएम रांची में फेलोशिप कर रहे छात्रों ने गुरुवार को राजभवन जाकर राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड गरीबी और पलायन से जूझ रहा है। प्रायः यह देखा जाता है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षित व्यक्ति रोजगार से नहीं जुड़ पाते हैं। उन्हें रोजगार से जोड़ें, उन्हें बैंक लोन के माध्यम से निजी व्यवसाय स्थापित करने में भी मदद करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्रियों की मार्केटिंग की भी समस्या है। उनके उत्पाद को मार्केटिंग संस्था या ऑनलाइन ऐप से जोड़ने में सहयोग करें, ताकि उनके उत्पाद की बिक्री हो सके। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी एवं आईआईएम रांची के निदेशक डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे

Dainik Bhaskar_20.01.2023_pg. 02.